Total No. of Printed Pages—4

**2 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2017**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 201

**( हिन्दी गद्य तथा व्याकरण )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32/24

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***11***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40/30

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) तानसेन के अहंकार को किसने चूर कर प्रमाणित कर दिया कि कला साधना में तानाशाही नहीं चलती?

(ख) 'असम की संस्कृति' के लेखक का नाम लिखिए।

(ग) कपड़ा बुनना कहाँ की सामाजिक प्रथा है?

(घ) भाषा किसके सामने लाचार-सी नजर आती है?

(ङ) काश! तुम जानती, दुःख किसे कहते हैं? —यह किसका कथन है?

(च) मालती जी के विरोध में पर्चा किसकी ओर से निकाला गया था?

(छ) किसके आदर्श को, किनकी मर्यादा को हृदयंगम कर पाने से भारत में साम्प्रदायिक दानवों का नंगा नाच बार-बार नहीं हो पाता?

(ज) एक धमाके के साथ राजनीति में कौन आयी थी?

**2.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा रचित पाठ, 'कबीर' के आधार पर कबीर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 11

**अथवा**

'असम की संस्कृति' शीर्षक निबन्ध के आधार पर असम एवं असमिया संस्कृति की विशिष्टताओं को बताइए।

**3.** 'काली आँधी' उपन्यास में वर्णित राजनीति की विद्रूपता पर प्रकाश डालिए। 11

**अथवा**

'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर जग्गी बाबू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) होहिं हें वही जो राम रचि राखा।
का करि तर्क बढ़ावहिं शाखा॥





**अथवा**

ऊपर-ऊपर, सतह पर चक्कर काटने वाले समुद्र भले ही पार कर जायें, पर उसकी गहराई की थाह नहीं पा सकते।

(ख) जीतने वाला तो जीतता ही है, हारने वाला भी एक दिन जीत जाता है.. लेकिन पछताने वाला हमेशा पछताता ही रह जाता है।

**अथवा**

मशीनें नहीं सोचतीं, मशीनों के लिए आदमी सोचता है और सफलता... सफलता सिर्फ एक मशीन है।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) "ईमानदारी और बेईमानी में चार अँगुल का भी फरक नहीं है। यह सवाल चित और पट का है।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) "टुकड़ों-टुकड़ों में जीना और पछताना... क्या रखा है इसमें!" भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) "जिसे मनुष्य सर्वापेक्षा अपना भरोसा करता है, जब उसी से अपमान और तिरस्कार प्राप्त हो, तब मन वितृष्णा से भर जाता है।" आशय लिखिए।

(घ) "मजहब बड़ी चीज है, पर हमारी सबसे बड़ी जरूरत है गरीबी और भूख को मिटाना!" भाव स्पष्ट कीजिए।

**6.** क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

**अथवा**

उपसर्ग एवं प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

आस्तीन का साँप ; टोपी पहनाना ; घर का भेदी लंका ढाये ; तीन-तेरह करना ; नौ-दो ग्यारह हो जाना ; पतली गली से निकल लेना ; नाच ना जाने आँगन टेढ़ा

**8.** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1×5=5

जिसके पार न देखा जा सके ; जीवन-भर ; सत्य बोलने वाला ; जो संगीत का जानकार हो ; जो मीठा बोलता है

**9.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) भ्रष्टाचार और हम

(ख) कालाधन और नोटबन्दी

(ग) महिला सशक्तिकरण

(घ) बाल श्रमिक समस्या

**( In lieu of Internal Assessment )**

**10.** 'बैजू बावरा' कहानी का सारांश लिखिए। 10

**अथवा**

बिहू नृत्य का यथार्थ महत्त्व क्या है? लिखिए

**11.** मालती का चरित्र-चित्रण 'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर कीजिए। 10

★★★